भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

जयपुर तथा लखनऊ हवाई अड्डों से आई एल एस कैट -।।। बी का प्रचालन प्रारम्भ

नई दिल्ली - 09 दिसम्बर, 2016

जयपुर तथा लखनऊ हवाई अडडों का उन्नयन किया गया तथा उन्हें प्रीसिशन अप्रोच कैट -।।। बी से सुसज्जित कर प्रचालनों के लिए तैयार किया गया । जयपुर तथा लखनऊ हवाई अड्डों को आई एल एस कैट -।।। बी प्रचालनों के लिए उन्नत करने का कार्य भा वि प्रा द्वारा निर्धारित की गई तारीख तक पूरा किया गया । दिनांक 08 दिसम्बर, 2016 से जयपुर तथा लखनऊ हवाई अड्डों कैट - ।।। बी का अनुपालन करने वाले हवाई अड्डे बन गए हैं ।

इससे पूर्व जयपुर हवाई अड्डा आई एल एस, प्रीसिशन अप्रोच कैट - । से सुसज्जित था तथा इन प्रक्रियाओं के द्वारा विमान 550 मी.या उससे अधिक रनवे विजुअल रेंज होने पर ही उतरने में सक्षम थे ।

इसी तरह लखनऊ हवाई अड्डा भी आई एल एस, प्रीसिशन अप्रोच कैट - ।। से सुसज्जित था और इस प्रक्रिया के तहत विमान 300 मी. या उससे अधिक रनवे विजुअल रेंज होने पर ही उतरने में सक्षम थे ।

अब जयपुर तथा लखनऊ हवाई अड्डे देश में एल एस, प्रीसिशन अप्रोच कैट - ।।। बी प्रचालनों से सुसज्जित दूसरे व तीसरे हवाई अड्डे बन गए है । जयपुर तथा लखनऊ हवाई अड्डों पर विमान 50 मी. या उससे अधिक रनवे विजुअल रेंज होने पर भी उतर सकते है ।

जयपुर तथा लखनऊ हवाईअडडों से आई एल एस कैट -।।। बी प्रचालन लागू होने से सर्दियों से कोहरे के दौरान उड़ानों में देरी अथवा रद्द होने संबंधी समस्या में कमी आएगी नई उन्नत कैट - ।।। बी प्रणाली से कोहरे के दौरान यात्रियों को होने वाली समस्याओं में कमी आएगी क्योंकि यह प्रणाली कम दृश्यता (जब आर बी आर 50 मी. तक हो) के दौरान निरन्तर उड़ान प्रचालनों तथा विमानों के भू संचालन को पूरा सहयोग प्रदान करती है ।

इसके अतिरिक्त, जयपुर तथा लखनऊ हवाई अडडों को कैट - ।।। बी स्तर तक उन्नत करने से घने कोहरे के दौरान आई जी आई हवाई अड्डे के यातायात को जयपुर तथा लखनऊ की ओर मोड़ा जा सकता है जिससे आई जी आई हवाई अड्डे पर भार कम हो जाएगा ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,
सं. 56/2016-17

<u>संपादक के लिए टिप्पणी :</u>

<u>इन्स्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आई एल एस)-</u> यह एक ग्राउंड बेस्ड इन्स्ट्रूमेंट अप्रोच सिस्टम है जो रनवे पर उतरने के लिए पहुंच रहे विमान को प्रीसिशन लेटरल तथा वार्टिकल गाइडेंस प्रदान करता है ।

<u>प्रीसिशन अप्रोच कैट - ।।। बी</u> - कैट -।।। प्रचालन कैट -।। मिलिमा से कम प्रीसिशन अप्रोच है । कैटेगरी ।।। बी एक प्रीसिशन अप्रोच है और यह नो डिसीजन हाईट अथवा 50 फीट (15 मी.) से नीचे डिसीजन हाईट तथा 175 मी. से 50 मी. तक रनवे विजुअल रेंज के साथ लैंडिंग कराती है ।